A

Series :

**A**

# 2822

# HINDI

| प्रश्न–पुस्तिका क्रम संख्या Question Booklet No. |
|---|
| 2094289 |

अनुक्रमांक Roll No. | | | | | | |

← परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक दिए गए खानों में लिखें। Candidate should write his/her Roll No. in the given boxes.

मुद्रित पृष्ठों की संख्या/No. of Printed Pages : 24 — कुल प्रश्नों की संख्या/Total No. of Questions : 150

समय/Time : 3 घण्टे/Hours — पूर्णांक/Total Marks : 600

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस प्रश्न–पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें, कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश, आदि न हो। यदि ऐसा है, तो वीक्षक से तत्काल संपर्क कर प्रश्न–पुस्तिका बदल लेवें।
2. इस प्रश्न पुस्तिका में हिन्दी से संबंधित कुल **150** प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. प्रदत्त उत्तर–पत्र (ओ.एम.आर. शीट) पर दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा अपने उत्तर तदनुसार अंकित करें।
4. कृपया उत्तर–पत्र (ओ.एम.आर. शीट) पर निर्धारित स्थानों पर आवश्यक प्रविष्टियाँ करें, अन्यत्र स्थानों पर नहीं।
5. परीक्षार्थी सभी रफ़ कार्य प्रश्न–पुस्तिका के अंतिम पृष्ठों पर निर्धारित स्थान पर ही करें, अन्यत्र कहीं नहीं तथा उत्तर–पत्र (ओ.एम.आर. शीट) पर भी नहीं।

## INSTRUCTIONS TO THE CANDIDATES

1. Immediately after the commencement of the examination, you should check that this Question Booklet does not have any unprinted or torn or missing pages or items etc. If so, immediately contact the Invigilator and get it replaced with another Question Booklet.
2. This Question Booklet contains Total **150** questions of concerned **Hindi** subject. All questions are compulsory.
3. Read carefully the instructions given on the Answer Sheet (OMR) supplied and indicate your answers accordingly.
4. Kindly make necessary entries on the Answer Sheet (OMR) at the places indicated and nowhere else.
5. Examinee should do all rough work on the space meant for rough work on pages given at the end of the Question Booklet and nowhere else, not even on the Answer Sheet (OMR).

SEAL

# द्वितीय प्रश्न–पत्र
## हिन्दी

1. 'पृथ्वीराज रासो' को हिन्दी का पहला महाकाव्य मानने वाले विद्वान कौन हैं ?
   (A) आचार्य हजारी प्रसाद
   (B) मिश्रबन्धु
   (C) श्यामसुन्दर दास
   (D) आ. रामचन्द्र शुक्ल

2. 'रम्भा मंजरी' नाटिका किस जैन कवि की रचना है ?
   (A) शालिभद्र सूरि
   (B) जिनदत्त सूरि
   (C) नयचन्द्र सूरि
   (D) श्री. अभयदेव सूरि

3. "इन्होंने खड़ी बोली को प्रथम बार कविता में स्थान दिया । यही कारण है कि ये खड़ी बोली के आदि कवि कहे जाते हैं ।" अमीर खुसरो के लिए उपर्युक्त कथन किस विद्वान का है ?
   (A) डॉ. नगेन्द्र
   (B) आ. रामचन्द्र शुक्ल
   (C) डॉ. रामकुमार वर्मा
   (D) डॉ. नामवर सिंह

4. हिन्दी में नख–शिख वर्णन परम्परा का आरम्भ किस कृति से माना जाता है ?
   (A) राउर बेल
   (B) दोला मारु–रा दोहा
   (C) बसन्त विलास
   (D) सन्देश रासक

5. "सिद्धों और योगियों की रचनाओं का जीवन की स्वाभाविक अनुभूतियों और दशाओं से कोई सम्बन्ध नहीं है ।" यह विचार किसका है ?
   (A) श्यामसुन्दर दास
   (B) हजारी प्रसाद द्विवेदी
   (C) रामकुमार वर्मा
   (D) रामचन्द्र शुक्ल

6. "सरनागत कहुँ जे तजहिं निज अनहित अनुमानि ।
   ते नर पाँवर पापमय तिन्हहि बिलोकत हानि ।।"
   'रामचरितमानस' में यह कथन किसने कहा था ?
   (A) राम
   (B) सुग्रीव
   (C) लक्ष्मण
   (D) सीता

7. 'रामचरितमानस' के 'अरण्यकांड' में नवधा भक्ति पर उपदेश करते हुए पहली भक्ति बताई है
   (A) कथा प्रसंग में प्रेम
   (B) मंत्र जाप
   (C) गुरु सेवा
   (D) संतों का सत्संग

8. ''अटपटि बात तिहारी ऊधो सुनै सो ऐसी को है ?
हम अहीरि अबला सठ, मधुकर ! तिन्हैं जोग कैसे सौहै ?
बूचिहि खुभी आँधरी काजर नकटी पहिरै बेसरि ।''
सूरदास के इस पद में प्रयुक्त 'खुभी' शब्द का अर्थ है

(A) मिट्टी का बरतन

(B) चित्त की वृत्ति

(C) कान में पहनने का आभूषण

(D) नाक में पहनने का आभूषण

9. ''बिरह सँचान भवै तन चाँड़ा ।
जीयत खाइ मुएँ नहिं छाँड़ा ।'' यहाँ 'सँचान' शब्द से अभिप्राय है

(A) सर्प

(B) बाज

(C) अग्नि

(D) मिट्टी

10. ''जैसे सोनहा काँच मंदिर मैं ।'' पंक्ति में कबीर द्वारा प्रयुक्त 'सोनहा' शब्द का अर्थ है

(A) तोता

(B) मन

(C) खरगोश

(D) कुत्ता

11. 'भारतेन्दु युगीन साहित्य केवल राजनीतिक स्वाधीनता का साहित्य न होकर मनुष्य की एकता, समानता और भाईचारे का भी साहित्य है ।' यह कथन किस आलोचक का है ?

(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(B) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) डॉ. राम विलास शर्मा

(D) डॉ. नामवर सिंह

12. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार भारतेन्दु युगीन काव्यधारा में भारतेन्दु की वाजी का सबसे ऊँचा स्वर क्या था ?

(A) देशभक्ति

(B) लोकहित

(C) समाज सुधार

(D) मातृभाषा

13. 'जीर्ण जनपद' खण्डकाव्य का रचयिता कौन है ?

(A) प्रताप नारायण मिश्र

(B) बालकृष्ण भट्ट

(C) ठाकुर जगमोहन सिंह

(D) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमधन'

14. विधवाओं की समस्या पर केन्द्रित 'गर्भरंडा रहस्य' प्रबंधकाव्य किसने लिखा ?

(A) रामचरित उपाध्याय

(B) गिरिधर शर्मा नवरत्न

(C) नाथू राम शंकर शर्मा

(D) रूपनारायण पाण्डेय

15. निम्नलिखित में से कौन–सी काव्य कृति रामनरेश त्रिपाठी द्वारा रचित नहीं है ?

(A) मिलन

(B) पद्य प्रसून

(C) पथिक

(D) स्वप्न

16. "मरे हुए मुहूर्तों की गूंगी आवाजें मुखर होना चाहती हैं ।" उक्त पंक्ति किस कहानी से उद्धृत है ?

(A) टोकरी भर मिट्टी

(B) नशा

(C) परिन्दे

(D) तीसरी कसम

17. प्रेमचंद की 'नशा' कहानी मानसरोवर के किस भाग में संकलित है ?

(A) 1

(B) 4

(C) 2

(D) 5

18. चार खण्डों में प्रकाशित हरिवंशराय बच्चन की आत्मकथा का प्रकाशन की दृष्टि से सही क्रम कौन–सा है ?

(A) क्या भूलूँ क्या याद करूँ, नीड़ का निर्माण फिर, बसेरे से दूर, दशद्वार से सोपान तक

(B) क्या भूलूँ क्या याद करूँ, बसेरे से दूर, नीड़ का निर्माण फिर, दशद्वार से सोपान तक

(C) बसेरे से दूर, नीड़ का निर्माण फिर, क्या भूलूँ क्या याद करूँ, दशद्वार से सोपान तक

(D) दशद्वार से सोपान तक, क्या भूलूँ क्या याद करूँ, नीड़ का निर्माण फिर, बसेरे से दूर

19. 'अध्याम शब्द की मेरी समझ में काव्य या कला के क्षेत्र में कोई कहीं जरुरत नहीं ।'

उपर्युक्त कथन किस आलोचक का है ?

(A) रामचन्द्र शुक्ल

(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) रामविलास शर्मा

(D) नन्द दुलारे वाजपेयी

20. किस आलोचक ने स्वयं के बारे में कहा, "मेरा आगमन हिंदी के छायावादी कवि प्रसाद, निराला और पंत की कविता के विवेचक के रूप में हुआ था" ?

(A) नगेन्द्र

(B) रामविलास शर्मा

(C) नन्द दुलारे वाजपेयी

(D) नामवर सिंह

21. महाकवि निराला की कविताओं में 'बादल' किसका प्रतीक बनकर आया है ?

(A) नूतन भावोल्लास

(B) ध्वंस–सृजन और क्रांति

(C) नवीन चेतना

(D) उत्सर्ग का भाव

22. किस रीति में सुकुमारता और मधुरता का अभाव रहता है ?

(A) वैदर्भी

(B) पांचाली

(C) गौडीया

(D) इनमें से कोई नहीं

23. किस आचार्य ने समाधि (एकाग्रता) और अभ्यास से उत्पन्न 'शक्ति' को काव्य–हेतु माना है ?

(A) भामह

(B) रुद्रक

(C) पंडितराज जगन्नाथ

(D) राजशेखर

24. 'काव्यं सद् दृष्टादृष्टार्थं प्रीतिकीर्ति हेतुत्वात् ।' काव्य प्रयोजन के संदर्भ में किसका कथन है ?

(A) भामह

(B) मम्मट

(C) वामन

(D) विश्वनाथ

25. ''यों रहीम जस होत है, उपकारी के संग ।
बाँटन वारे को लगय ज्यौ मेहंदी को रंग ।।''
प्रस्तुत उदाहरण किस अलंकार का है ?

(A) दृष्टांत

(B) उदाहरण

(C) निदर्शना

(D) असंगति

26. मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी की स्थापना कब हुई ?

(A) 1953 ई.

(B) 1954 ई.

(C) 1955 ई.

(D) 1956 ई.

27. भवानी प्रसाद मिश्र किस पत्रिका के संपादक रहे हैं ?

(A) माधुरी

(B) वागर्थ

(C) कल्पना

(D) युगबोध

28. जीवन पर अब दिन–रात कड़ा पहरा है, शासन है, या तम का प्रभाव गहरा है ? यह पंक्तियाँ किस कविता से उद्धृत हैं ?

(A) वीरों का कैसा हो बसंत

(B) विप्लव गान

(C) बलि पंथी के लिए

(D) कैदी और कोकिल

29. माखनलाल चतुर्वेदी ने इनमें से कौन–सी पत्रिका का संपादन कार्य नहीं किया ?

(A) प्रभा

(B) प्रताप

(C) प्रतीक

(D) कर्मवीर

30. भवानी प्रसाद मिश्र किस 'सप्तक' के कवि हैं ?

(A) पहला सप्तक

(B) दूसरा सप्तक

(C) तीसरा सप्तक

(D) चौथा सप्तक

31. बुंदेली की स्वतंत्र काव्य–परम्परा की वृहत् त्रयी किसे कहते हैं ?

(A) ख्यालीराम, ईसुरी, गंगाधर व्यास

(B) ईसुरी, बैजू, मूलचंद

(C) माधव शुक्ल, मुन्नीलाल, हरीश निगम

(D) संतोष सिंह बुंदेला, सैफू, चन्द्रसखी

32. भगवती प्रसाद शुक्ल ने 'बघेली जनपद का प्रतिनिधि कवि' किसे कहा है ?

(A) जगदीन

(B) बैजनाथ पाण्डेय 'बैजू'

(C) रामचन्द्र सोनी

(D) भगवती प्रसाद

33. 'रमा जहँ रकरा बाँधा' इस बघेली लोक कहावत में 'रकरा' का अर्थ है

(A) गाय का छोटा बच्चा

(B) भैंस का छोटा बच्चा

(C) बंदरिया का छोटा बच्चा

(D) बकरी का छोटा बच्चा

34. लोककला एवं बोली विकास अकादमी, मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद, भोपाल द्वारा लोक–संस्कृति पर केन्द्रित प्रकाशित की जाने वाली पत्रिका है

(A) रंगायन

(B) मामुलिया

(C) चौमासा

(D) अक्षरा

35. लोक एवं जनजातीय कलाओं को समर्पित 'आदिवर्त जनजातीय एवं लोककला राज्य संग्रहालय' कहाँ स्थित है ?

(A) भोपाल

(B) छिंदवाड़ा

(C) झाबुआ

(D) खजुराहो

36. निम्नलिखित में से निवढी बोली में किसकी प्रधानता है ?

(A) छत्तीसगढ़ी

(B) बुंदेली

(C) बिहारी

(D) कन्नौजी

37. खड़ी बोली में लिखित रचना 'प्रेमसागर' के लेखक हैं

(A) लल्लूलाल

(B) सदल मिश्र

(C) सदासुखलाल

(D) राजा लक्ष्मण सिंह

38. निम्नलिखित में से नारी चेतना विषयक भारत की पहली पत्रिका होने का श्रेय किस पत्रिका को है ?

(A) इन्दु

(B) माधुरी

(C) बाला बोधिनी

(D) हंस मासिक

39. निम्न में से हिन्दी और उर्दू के संघर्ष में शुद्ध भारतीय संस्कारवती हिन्दी को ही हिन्दी का वास्तविक रूप किसने माना ?

(A) राजा शिवप्रसाद

(B) राजा लक्ष्मण सिंह

(C) विनोबा भावे

(D) केशवदास

40. निम्न में से हिन्दी साहित्य सम्मेलन के प्रथम अधिवेशन के अध्यक्ष कौन थे ?

(A) राजर्षि पुरुषोत्तमदास टंडन

(B) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

(C) पं. मदनमोहन मालवीय

(D) काका कालेलकर

41. कबीर के 'बीजक' की टीका महाराज विश्वनाथ सिंह जू देव ने किस नाम से की ?

(A) बीजक वाणी

(B) त्रिज्या टीका

(C) पाखंडखंडनी

(D) सधुक्कड़ी संग्रह

42. रचनाओं को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | चित्रावली | 1. | नंददास |
| b. | रूपमंजरी | 2. | पुहकर |
| c. | रसरतन | 3. | नारायण दास |
| d. | छिताईवार्ता | 4. | उस्मान |

कूट :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (B) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (C) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (D) | 2 | 4 | 1 | 3 |

43. "इनकी भाषा बहुत चलती सरल और शब्दाडंबर मुक्त होती थी । शुद्ध ब्रजभाषा का जो चलतापन और सफाई इनकी और घनानंद की रचनाओं में है वह अन्यत्र दुर्लभ है ।" आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने यह किस रचनाकार के लिए कहा ?

(A) मलिक मोहम्मद जायसी

(B) रसखान

(C) सूरदास

(D) नंददास

44. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है ?

(A) आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार जायसी में शुद्ध भावनात्मक रहस्यवाद मिलता है और कबीर में चिंतनात्मक ।

(B) आचार्य श्यामसुंदर दास के अनुसार कबीर हिन्दी के आदि रहस्यवादी कवि हैं और इनमें शुद्ध भावनात्मक रहस्यवाद की सुंदर सृष्टि हुई है ।

(C) जायसी के लिए रहस्यात्मकता कबीर की भाँति साध्य है ।

(D) कबीर ने अपने प्रियतम का साक्षात्कार केवल अंतःस्थल में किया है । बाह्य जगत् इनके लिए मिथ्या और माया का प्रतीक है ।

45. "प्रभुजी तुम चंदन हम पानी, जाकी अंग-अंग बास समानी ।" चर्चित पद के रचयिता हैं

(A) कबीर

(B) रैदास

(C) तुलसीदास

(D) सूरदास

46. कवि बोधा ने 'बोधा' के अतिरिक्त किस नाम से रचना की ?

(A) चतुरसेन

(B) बुद्धसेन

(C) बुद्धिसेन

(D) बुधसेन

47. भूषण को किस राजा ने 'कविभूषण' की उपाधि दी थी ?

(A) मुहम्मदसाह रंगिले ने

(B) राजा रुद्र ने

(C) अकबर ने

(D) औरंगजेब ने

48. "झलकै अति सुन्दर आनन गौर छके दृग राजत काननि छूवै ।" किसकी पंक्ति है ?

(A) बिहारी

(B) घनानन्द

(C) केशवदास

(D) विद्यापति

49. "महामीचु दासी सदा पाइँ धोवै ।
प्रतीहार है कै कृपा सूर जोवै ।"
रामचंद्रिका में उक्त कथन कौन-किससे कहता है ?

(A) रावण अंगद को कहता है

(B) हनुमान रावण को कहते हैं

(C) सुग्रीव रावण को कहता है

(D) अंगद रावण को कहता है

50. "उड़ी जाउ कित हूँ , तऊ गुड़ी उड़ाइक हाथ.।"
उक्त पंक्ति में 'गुड़ी' शब्द का क्या अभिप्राय है ?

(A) पतंग
(B) तितली
(C) भँवरा
(D) कोयल

51. 'कहानी नयी कहानी' पुस्तक में नामवर सिंह ने नयी कहानी की पहली कृति किसे माना है ?

(A) तीसरी कसम
(B) परिन्दे
(C) वापसी
(D) खोई हुई दिशाएँ

52. निम्नलिखित में से किसके बचपन का नाम आनंदीलाल था ?

(A) अज्ञेय
(B) रेणु
(C) यशपाल
(D) जैनेन्द्र

53. 'चन्द्रगुप्त' नाटक में 'अरुण यह मधुमय देश हमारा । जहाँ पहुँच अनजान क्षितिज को मिलता एक सहारा ।' गीत किस पात्र के द्वारा गाया जाता है ?

(A) अलका
(B) मालविका
(C) कार्नेलिया
(D) कल्याणी

54. निम्नलिखित में से कौन-सा नाटक कालिदास कृत 'कुमार संभव' पर आधारित है ?

(A) आठवाँ सर्ग
(B) अंधा युग
(C) लहरों के राजहंस
(D) शकुंतला की अंगूठी

55. लेखक और उसके द्वारा लिखित यात्रा-वृत्तांत की दृष्टि से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है ?

(A) अज्ञेय – एक बूँद सहसा उछली
(B) दिनकर – देश-विदेश
(C) रामवृक्ष बेनीपुरी – सागर की लहरों पर
(D) अमृता प्रीतम – इक्कीस पत्तियों का गुलाब

56. "दुःख दग्ध जगत् और आनंद पूर्ण स्वर्ग, दोनों के एकीकरण का यत्न ही साहित्य है ।" यह कथन किस कृति का है ?

(A) एक साहित्यिक की डायरी
(B) अकेला मेला
(C) अरे यायावर रहेगा याद !
(D) पथ के साथी

57. बालकृष्णशर्मा 'नवीन' का पहला कविता संग्रह कौन-सा है ?

(A) उर्मिला
(B) अपलक
(C) कुमकुम
(D) रश्मिरेखा

58. 'अतिथि ! तुम कब जाओगे' किसकी प्रसिद्ध व्यंग्य कृति है ?

(A) हरिशंकर परसाई

(B) ज्ञान चतुर्वेदी

(C) श्रीलाल शुक्ल

(D) शरद जोशी

59. 'मिला तेज़ से तेज़' किसकी जीवनी है ?

(A) रमेशचंद्र शाह

(B) माखनलाल चतुर्वेदी

(C) सुभद्रा कुमारी चौहान

(D) भवानी प्रसाद मिश्र

60. कौन-सा युग्म असत्य है ?

(A) प्रेमचंद सृजन पीठ – उज्जैन

(B) मुक्तिबोध सृजन पीठ – ग्वालियर

(C) निराला सृजन पीठ – भोपाल

(D) मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी – भोपाल

61. लोकगीत को 'आर्येतर सभ्यता की वेदश्रुति' किसने माना है ?

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(B) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(C) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(D) डॉ. नगेन्द्र

62. लोक साहित्य में 'पँवाड़ा' शब्द निम्न में से किस विधा के लिए प्रयुक्त होता है ?

(A) लोक-कहावत

(B) लोक-मुहावरा

(C) लोक-गाथा

(D) लोक-गीत

63. बुंदेली साहित्य में 'नौरता' निम्न में से किस प्रकार का लोकगीत है ?

(A) ऋतु गीत

(B) त्यौहार गीत

(C) श्रम गीत

(D) यात्रा गीत

64. निम्नलिखित लोकनाट्य को उनसे संबंधित क्षेत्र से सुमेलित कीजिए ।

| | |
|---|---|
| a. नटकौरी | 1. बुन्देलखण्ड |
| b. खमरास | 2. बघेलखण्ड |
| c. मौनियाँ | 3. मालवा |
| d. माच | 4. निमाड़ |

कूट :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (B) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (D) | 2 | 3 | 4 | 1 |

65. 'ठोठ्यो' या 'ठोठ्या' लोकनाट्य के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सत्य नहीं है ?

(A) इसे नकटोरा के नाम से भी जाना जाता है ।

(B) यह स्त्रियों के मनोरंजनार्थ स्त्रियों का लोकनाट्य है ।

(C) यह बघेलखण्ड का लोकनाट्य है ।

(D) इसमें स्त्रियों द्वारा पुरुषों की मानसिकता पर व्यंग्य किया जाता है ।

66. 'लिपि' नामक त्रैभाषिक कम्प्यूटर का विकास किस संस्था ने किया है ?

(A) आई.आई.टी. मद्रास

(B) सी.एम. हैदराबाद

(C) आई.आई.टी. कानपुर

(D) आई.एम. अहमदाबाद

67. मानक हिन्दी के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन–सा कथन असत्य है ?

(A) सम्बन्धवाचक के रूप में 'का' का प्रयोग ।

(B) 'स' तथा 'श' ध्वनियों का शुद्ध उच्चारण ।

(C) संज्ञा, विशेषण और क्रियाओं में लिंग एवं वचन के अनुसार परिवर्तन न होना ।

(D) भूतकालिक कृदन्तों में आकारान्त की प्रवृत्ति ।

68. जब कोई विभाषा अपने सुव्यवस्थित व्याकरण के साथ शिक्षित वर्ग के दैनिक व्यवहार में प्रयुक्त होने लगती है, तब वह किसका रूप ग्रहण कर लेती है ?

(A) विशिष्ट भाषा

(B) राजभाषा

(C) साहित्यिक भाषा

(D) परिनिष्ठित भाषा

69. सम्पर्क भाषा के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सत्य है ?

(A) जो अन्य लोगों से सम्पर्क के काम आये ।

(B) जिसमें एक से अधिक भाषाओं का मिश्रण हो ।

(C) जो केवल ज्ञानवर्द्धन के लिए प्रयुक्त होती हो ।

(D) जिसका प्रयोग केवल राजनायिकों द्वारा किया जाता हो ।

70. खड़ी बोली जिस प्रकार से दक्षिण में जाकर 'दक्खिनी हिंदी' के नाम से प्रसिद्ध हुई, उसी प्रकार गुजरात पहुँचने पर इसका क्या नाम हो गया ?

(A) ओर्दू

(B) गूजरी

(C) हिन्दुस्तानी

(D) कच्छी हिन्दी

71. निम्नलिखित में से कौन–सा कथन असत्य है ?

(A) संतलाल दास की समाधि नगला (भरतपुर) में है ।

(B) दादू पंथ में सत्संग स्थल अलख दरीबा नाम से प्रसिद्ध हुआ ।

(C) पुरोहित हरिनारायण शर्मा द्वारा संपादित सुंदर ग्रंथावली के चार भाग हैं ।

(D) ज्ञानबोध रचना संत मलूकदास की है ।

72. सुमेलित कीजिए ।

| | |
|---|---|
| a. अग्रदास | 1. हनुमन्नाटक |
| b. हृदयराम | 2. ध्यान मंजरी |
| c. नाभादास | 3. रामायण महानाटक |
| d. प्राणचंद चौहान | 4. भक्तमाल |

कूट :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (B) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (C) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (D) | 2 | 1 | 4 | 3 |

73. सामान्यत: हिन्दी प्रेमाख्यानों में नायक को बहुपत्नीवादी दिखाया गया है किंतु यह प्रेमाख्यान इसका अपवाद है

(A) पद्मावत

(B) मधुमालती

(C) चंदायन

(D) सत्यवती कथा

74. नंददास की 'जड़िया' उपाधि को सार्थक बनाने वाली रचना है

(A) रूपमंजरी

(B) विरहमंजरी

(C) सिद्धांत पंचाध्यायी

(D) रास पंचाध्यायी

75. भक्ति के साधारण सिद्धांतों का कथन स्वामी हरिदास ने अपनी किस कृति में किया ?

(A) निजमत सिद्धांत

(B) सिद्धांत के पद

(C) केलिमाल

(D) हितवाणी

76. निम्नलिखित में से वस्तुवादी सिद्धांत कौन-सा है ?

(A) अलंकार सिद्धांत

(B) रीति सिद्धांत

(C) ध्वनि सिद्धांत

(D) औचित्य सिद्धांत

77. "शब्दार्थो सहितौ वक्रकविव्यापारशालिनि ।
बन्धे व्यवस्थितौ काव्यं तद्विदाह्लादकारिणि ।।"
उक्त उद्भावना किस आचार्य की है ?

(A) दण्डी

(B) कुंतक

(C) भामह

(D) भोजराज

78. "कतहुँ विटप भूधर उपारि परसेन बरक्खत ।
कतहुँ बाजि से बाजि, मर्दि, गजराज करक्खत ।।"
उक्त पद में कौन-सा काव्य गुण है ?

(A) प्रसाद

(B) माधुर्य

(C) ओज

(D) समता

79. लोंजाइनस के ग्रंथ का नाम बताइए ।

(A) पेरिहुप्सुस

(B) पोयटिक्स

(C) ईऑन

(D) रिपब्लिक

80. 'महाकाव्य' के संबंध में असत्य कथन छाँटिए ।

(A) इसका कथानायक इतिहास प्रसिद्ध व्यक्ति होता है ।

(B) महाकाव्य सर्गबद्ध रचना है ।

(C) इसका ध्येय धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है ।

(D) उक्ति वैचित्य इसका प्राण तत्व होता है ।

81. "विस्तृत पथ है मेरे आगे उस पर
ही मुझको चलना है ।
चिर शोषित असहायों के संग,
अत्याचारों को दलना है ।।"
यह पंक्तियाँ किस कवि की हैं ?

(A) शिवमंगल सिंह 'सुमन'

(B) भवानी प्रसाद मिश्र

(C) मुक्तिबोध

(D) शरद जोशी

82. रमेशचंद्र शाह को 'पद्मश्री' से कब सम्मानित किया गया ?

(A) 2001

(B) 2002

(C) 2003

(D) 2004

83. तुलसी अकादमी के द्वारा किस प्रकार के विशेष कार्य किए जाते हैं ?

(A) साहित्यकारों का सम्मान

(B) पांडुलिपियों का संरक्षण

(C) पत्रकारों का सम्मान

(D) संतों-महात्माओं का सम्मान

84. श्री कृष्ण साल ने कितने महाकाव्य लिखे हैं ?

(A) 10

(B) 12

(C) 14

(D) 15

85. 'ब्रह्म राक्षस' किस प्रकार की रचना है ?

(A) खण्डकाव्य

(B) महाकाव्य

(C) लंबी कविता

(D) मुक्तक काव्य

86. 'मालवा की लोक-कथाएँ' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(A) डॉ. कृष्णलाल हंस

(B) डॉ. श्याम परमार

(C) डॉ. अमृतलाल बेगड़

(D) डॉ. कृष्णदेव उपाध्याय

87. निम्न में से कौन-सी बुंदेली साहित्य की कहावत है ?

(A) गोल खाय ने गुलगुला से परेज

(B) चोर की माँ छाने रोवै

(C) पराई थाली में घी घणा

(D) उड़ौ चुन पुरखन की नावँ

88. 'रामा जी रईग्या ने रेल जाती री' किस कवि की रचना है ?

(A) इसुरी

(B) आनन्दराव दुबे

(C) संत सिंगा जी

(D) श्रीनिवास जोशी

89. बुंदेलखण्ड का 'रेकड़ी' वाद्ययंत्र किस प्रकार का वाद्ययंत्र है ?

(A) अनवद्ध वाद्य यंत्र

(B) तत् वाद्य यंत्र

(C) सुषिर वाद्य यंत्र

(D) घन वाद्य यंत्र

90. डॉ. चिंतामणि उपाध्याय ने 'शृंगार और अंगार का बेजोड़ कवि' किसे कहा है ?

(A) संत सिंगा जी

(B) भावसार बा

(C) बालकवि बैरागी

(D) रामनारायण उपाध्याय

91. 'दोहा अपभ्रंश का लाडला छन्द है ।' यह किस विद्वान का कथन है ?

(A) आ. रामचन्द्र शुक्ल

(B) राहुल सांकृत्यायन

(C) पं. हजारी प्रसाद द्विवेदी

(D) डॉ. नगेन्द्र

92. 'रणमल्ल छन्द' नामक काव्य के रचनाकार का नाम बताइए ।

(A) राजशेखर

(B) श्रीधर

(C) मधुकर

(D) पुहकर

93. 'मिश्रबन्धु विनोद' के अनुसार प्रारम्भिक काल की समय सीमा कहाँ से कहाँ तक है ?

(A) 643 ई. से 1387 ई. तक

(B) 643 ई. से 1290 ई. तक

(C) 643 ई. से 1143 ई. तक

(D) 1143 ई. से 1290 ई. तक

94. "बालचन्द विज्जावड भासा ।।
दुह नहि लग्गई दुज्जन हासा ।।" पंक्तियाँ किस ग्रन्थ से उद्धृत हैं ?

(A) पदावली

(B) कीर्तिपताका

(C) पुरुष परीक्षा

(D) कीर्तिलता

95. स्वयंभू ने पद्धड़िया बंध का प्रवर्तक किसे कहा है ?

(A) पुष्पदंत

(B) चतुर्मुख

(C) धनपाल

(D) जोइन्दु

96. निम्न में से 'रिसालो' लोकप्रिय काव्य किसका है ?

(A) शाह लतीफ

(B) अमीर खुसरो

(C) बाबा फरीद

(D) काशीराम दास

97. भाषा के क्षेत्र में 'ट' वर्ग का विकास किसके प्रभाव की देन है ?

(A) नेग्रिटो

(B) ऑस्ट्रिक

(C) किरात

(D) द्रविड़

98. निम्नलिखित में से 'आकार बहुला' बोली नहीं है

(A) कौरवी

(B) कन्नौजी

(C) दक्खिनी

(D) हरियाणवी

99. निम्न में से बुन्देली उपभाषा के अंतर्गत किस बोली का समावेश नहीं है ?

(A) पँवाली

(B) लोधान्ती

(C) खटोला

(D) मेवाती

100. निम्न में से मध्यकालीन अवधी के रूप में मुल्लादाऊद की रचना कौन–सी है ?

(A) हरिचरित

(B) मृगावती

(C) लोरकहा या चन्दायन

(D) अंगदपैज

101. "पद्माकर की भाषा में बुंदेलखंडी रंग और मैदानी नदी का प्रवाह है ।"

उपरोक्त कथन इनमें से किसका है ?

(A) नगेन्द्र

(B) रामचन्द्र शुक्ल

(C) रामविलास शर्मा

(D) बच्चन सिंह

102. मिश्रबन्धुओं के अनुसार 'बिहारी सतसई' में दोहों की कुल संख्या कितनी हैं ?

(A) 715

(B) 700

(C) 725

(D) 710

103. "तो पर वारौं उरवसी, सुनु राधिके सुजान ।
तू मोहन के उर बसी, ह्वै उरबसी-समान ।।"
यहाँ 'उरबसी' में कौन-सा अलंकार है ?

(A) श्लेष

(B) उपमा

(C) रूपक

(D) यमक

104. बिहारी के पिता केशवराय के गुरु कौन थे ?

(A) नरहरिदास

(B) सुखदेव मिश्र

(C) गंगाधर दीक्षित

(D) कृष्णभट्ट देव

105. "प्रेम मार्ग का ऐसा प्रवीण और धीर पथिक तथा जवाँदानी का ऐसा दावा रखने वाला ब्रजभाषा का दूसरा कवि नहीं हुआ ।"
उक्त कथन आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने इनमें से किस कवि के लिए कहा ?

(A) पद्माकर

(B) आलम

(C) देव

(D) घनानन्द

106. 'कवियों की उर्मिला विषयक उदासीनता' शीर्षक से सरस्वती में प्रकाशित लेख महावीर प्रसाद द्विवेदी ने किस नाम से लिखा था ?

(A) भुजंगभूषण भट्टाचार्य

(B) भारतभूषण भट्टाचार्य

(C) मधुसूदन भट्टाचार्य

(D) भानुभूषण भट्टाचार्य

107. 'श्रद्धा और इड़ा औरतानी औरतों का प्रतिनिधित्व नहीं करती । श्रद्धा औरतानी औरत के कुछ समीप है, ..... इड़ा तो बिल्कुल नहीं ।' कामायनी की श्रद्धा और इड़ा के संदर्भ में यह विचार किसका है ?

(A) मुक्तिबोध

(B) दिनकर

(C) नामवर सिंह

(D) नगेन्द्र

108. "निराला हिंदी साहित्य में नए मानवतावाद के प्रतिष्ठापक हैं ।" यह कथन किसका है ?

(A) रामविलास शर्मा

(B) दूधनाथ सिंह

(C) नन्दकिशोर नवल

(D) बच्चन सिंह

109. निम्नलिखित में से दिनकर की कौन–सी कविता 'परशुराम की प्रतीक्षा' काव्य–संग्रह में संकलित नहीं है ?

(A) आपद्धर्म

(B) विपथगा

(C) समर शेष है

(D) अहिंसावादी का युद्ध–गीत

110. 'असाध्य वीणा' जिस जापानी कथा पर आधारित मानी जाती है, उस कथा का क्या नाम है ?

(A) दि बुक ऑफ टी

(B) दि बुक ऑफ ट्री

(C) गेमिंग ऑफ दि हार्प

(D) टेमिंग ऑफ दि हार्प

111. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिएं ।

a. केन्द्रीय हिन्दी संस्थान की स्थापना — 1. 1967

b. केन्द्रीय हिन्दी समिति का गठन — 2. 1985

c. केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो का गठन — 3. 1961

d. केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान का गठन — 4. 1971

कूट :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (B) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (C) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (D) | 4 | 2 | 3 | 1 |

112. हिन्दी कम्प्यूटिंग के सन्दर्भ में 'मंगल' क्या है ?

(A) यूनीकोड कन्वर्टर

(B) यूनीकोड फॉण्ट

(C) हिन्दी अनुवाद टूल

(D) उपर्युक्त सभी

113. वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग की स्थापना कब हुई ?

(A) 1962

(B) 1961

(C) 1975

(D) 1976

114. वेबसाइट 'डब्ल्यु डब्ल्यु डब्ल्यु डॉट हिन्दीसमय डॉट कॉम' किस संस्था से सम्बन्धित है ?

(A) महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय, वर्धा

(B) जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

(C) दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

(D) महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, म. प्र.

115. संविधान में हिन्दी को राजभाषा बनाने का प्रस्ताव किस अहिन्दी भाषी ने रखा ?

(A) कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी और गोपालस्वामी अयंगार

(B) बाल गंगाधर तिलक और महात्मा गांधी

(C) नगेन्द्रनाथ बसु और केशवचन्द्र सेन

(D) शारदाचरण मित्र और रामानन्द चटर्जी

116. पंत की काव्य–कृतियों का प्रकाशन की दृष्टि से सही क्रम कौन–सा है ?

(A) पल्लव, गुंजन, युगांत, ग्राम्या, लोकायतन

(B) पल्लव, गुंजन, ग्राम्या, युगांत, लोकायतन

(C) पल्लव, ग्राम्या, गुंजन, युगांत, लोकायतन

(D) पल्लव, लोकायतन, गुंजन, ग्राम्या, युगांत

117. कवि और उसकी कृति की दृष्टि से कौन–सा युग्म सुमेलित **नहीं** है ?

(A) माखनलाल चतुर्वेदी – हिम किरीटिनी

(B) बाल कृष्ण शर्मा 'नवीन' – उर्मिला

(C) नरेन्द्र शर्मा – प्रवासी के गीत

(D) सुभद्रा कुमारी चौहान – अपराजिता

118. प्रगतिवाद के संदर्भ में कौन–सा कथन सही **नहीं** है ?

(A) प्रगतिवाद साहित्य को सोद्देश्य मानता है ।

(B) मार्क्सवादी चिन्तकों ने सैद्धान्तिक स्तर पर साहित्य में प्रचार का समर्थन किया है ।

(C) प्रगतिवादी साहित्य का बड़ा हिस्सा प्रचार बन कर रह गया ।

(D) प्रगतिवाद ने सौन्दर्य को नए दृष्टिकोन से देखा ।

119. 'तारसप्तक' की भूमिका के आधार पर 'तारसप्तक' में शामिल कवियों के संदर्भ में कौन–सा कथन सही **नहीं** है ?

(A) योजना का मूल आधार सहयोग था ।

(B) कविता को प्रयोग का विषय मानते थे ।

(C) उनका दावा था कि काव्य का सत्य उन्होंने पा लिया है ।

(D) वे अपने को उन्वेषी मानते थे ।

120. कवि और उसकी काव्य कृति की दृष्टि से कौन–सा युग्म सुमेलित **नहीं** है ?

(A) कुँवर नारायण – कोई दूसरा नहीं

(B) धर्मवीर भारती – कनुप्रिया

(C) रघुवीर सहाय – सीढ़ियों पर धूप में

(D) दुष्यंत कुमार – पहले मैं सन्नाटा बुनता हूँ

121. ''सेज हैं सुराही हैं, सुरा हैं और प्याला हैं ।''
रीतिकाल का चित्रण करती उपरोक्त पंक्ति किस कवि की है ?

(A) बिहारी

(B) मतिराम

(C) पद्माकर

(D) भिखारीदास

122. रीतिकाल को मिश्रबंधुओं ने 'अलंकृत काल' की संज्ञा दी, यहाँ 'अलंकृत' अंग्रेजी के किस शब्द के अर्थ में प्रयोग हुआ है ?

(A) आर्नामेंट

(B) आर्नेट

(C) आर्नामेंटल

(D) ब्यूटी

123. रीतिकालीन रचना 'करुणाभरण' की विधा क्या है ?

(A) जीवनी

(B) नाटक

(C) आत्मकथा

(D) कहानी

124. 'सेनापति' के गुरु का क्या नाम था ?

(A) नागेश भट्ट

(B) गंगाधर दीक्षित

(C) नाभादास

(D) हीरामणि दीक्षित

125. निम्नलिखित में से कौन चिंतामणि के भाई नहीं थे ?

(A) कृपाशंकर

(B) भूषण

(C) मतिराम

(D) जटाशंकर

126. ''महान रचनाकार निर्वैक्तिक होता है । कविता भाव की उन्मुक्त अभिव्यक्ति नहीं है, वह भाव से मुक्ति है । वह व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति नहीं, व्यक्तित्व से मुक्ति है किंतु निश्चय ही जिनमें व्यक्तित्व और भाव हैं, वे ही यह जान सकते हैं कि उनसे मुक्ति की आकांक्षा का अर्थ क्या होता है ।'' उक्त कथन किसका है ?

(A) अरस्तू

(B) लोंजाइनस

(C) टी.एस. इलियट

(D) कॉलरिज

127. अरस्तू की काव्यशास्त्र सम्बन्धी कृति है

(A) वसीयतनामा

(B) पेरि पोइतिकेस

(C) तेखनेस रितोरिकेस

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

128. 'विशिष्ट पद रचना रीतिः' सूत्र किस आचार्य का है ?

(A) वामन

(B) दण्डी

(C) राजशेखर

(D) मम्मट

129. औचित्य को काव्यात्मभूत काव्य सिद्धांत के रूप में प्रतिष्ठित करने वाले आचार्य है

(A) कुंतक

(B) भामह

(C) क्षेमेन्द्र

(D) विश्वनाथ

130. भरतमुनि के अनुसार 'वीभत्स रस' का स्थायी भाव है

(A) भय

(B) जुगुप्सा

(C) विस्मय

(D) उत्साह

131. "निराशावाद के भीतर आशावाद का संदेश देना–संसार की क्षणिकता में उसके वैचित्य का इन्द्रधनुषी चित्र खींचना इन सिद्धों की कविता का गुण था।" यह कथन किस विद्वान का है ?

(A) पं. हजारी प्रसाद द्विवेदी

(B) डॉ. रामकुमार वर्मा

(C) डॉ. गणपति चन्द्र गुप्त

(D) डॉ. नगेन्द्र

132. 'ललित विग्रह राज' नामक नाटक के रचनाकार कौन हैं ?

(A) सोमदेव

(B) बसन्तपाल

(C) विग्रह राज

(D) गोविन्द चन्द्र

133. भक्तिकाल को हिन्दी साहित्य का स्वर्णयुग मानने वाले प्रथम विद्वान कौन हैं ?

(A) ग्रियर्सन

(B) आ. रामचन्द्र शुक्ल

(C) पं. हजारी प्रसाद द्विवेदी

(D) डॉ. नगेन्द्र

134. 'स्वयंभू का रामायण' हिन्दी का सबसे पुराना और सबसे उत्तम काव्य है। यह कथन किस आलोचक का है ?

(A) आ. रामचन्द्र शुक्ल

(B) रामकुमार वर्मा

(C) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(D) डॉ. नगेन्द्र

135. मुनि जिन विजय ने हिन्दी जैन रास परम्परा का आदिग्रन्थ किसे माना है ?

(A) भरतेश्वर बाहुबलि रास

(B) उपदेश रसायन रास

(C) श्रावकाचार

(D) रेवन्तगिरिरास

136. संविधान के किस अनुच्छेद में उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों की भाषा का वर्णन है ?

(A) 345

(B) 346

(C) 347

(D) 348

137. "मैं हिन्दी के प्रचार, राष्ट्रभाषा के प्रचार को राष्ट्रीयता का मुख्य अंग मानता हूँ।" यह कथन किसका है ?

(A) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

(B) पुरुषोत्तमदास टंडन

(C) लाला लाजपत राय

(D) सी. राजगोपालाचारी

138. राजभाषा अधिनियम, 1976 के अनुसार 'ख' वर्ग में आने वाला राज्य है

(A) हरियाणा

(B) पंजाब

(C) राजस्थान

(D) दिल्ली

139. कौन–सा परसर्ग मानक हिन्दी को पुरानी हिन्दी और उर्दू दोनों से पृथक करता है ?

(A) ने

(B) में

(C) के

(D) उपर्युक्त सभी

140. 'एकलिपि विस्तार परिषद' की स्थापना कब हुई ?

(A) 1902

(B) 1903

(C) 1904

(D) 1905

141. निम्नलिखित में से किसकी प्रेरणा से स्वामी दयानंद ने हिन्दी में व्याख्यान देना शुरू किया ?

(A) महर्षि देवेन्द्रनाथ

(B) केशवचन्द्र सेन

(C) ईश्वरचंद्र विद्यासागर

(D) नवीनचंद्र राय

142. हिन्दी के प्रचार प्रसार हेतु नागरी प्रचारिणी सभा, काशी की स्थापना कब हुई ?

(A) 14 सितंबर 1949

(B) 24 जनवरी 1877

(C) 26 जनवरी 1865

(D) 10 मार्च 1883

**143.** नागरी वर्णमाला को मुख्यत: कितने वर्गों में विभक्त किया गया है ?

(A) 5

(B) 26

(C) 52

(D) 2

**144.** निम्नलिखित में से देवनागरी लिपि के नामकरण में 'लोकनागरी' नाम किसने दिया था ?

(A) डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी

(B) धीरेन्द्र वर्मा

(C) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(D) आचार्य विनोबा भावे

**145.** देवनागरी लिपि मूलत: क्या है ?

(A) वर्णनात्मक

(B) अक्षरात्मक

(C) चित्रात्मक

(D) प्रतीकात्मक

**146.** आचार्य रामचन्द्र शुक्ल परिमार्जित गद्य की प्रथम पुस्तक किसे मानते हैं ?

(A) नासिकेतोपाख्यान

(B) सुखसागर

(C) प्रेमसागर

(D) भाषायोग वशिष्ठ

**147.** 'हिन्दी नई चाल में ढली, सन् 1873 ई.।'
उक्त कथन भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने किसमें कहा ?

(A) कालचक्र

(B) कवि वचन सुधा

(C) हरिश्चन्द्र चंद्रिका

(D) बाला बोधिनी

**148.** सरदार पूर्ण सिंह ने कुल कितने निबंध लिखे ?

(A) 10

(B) 9

(C) 8

(D) 6

**149.** 'उपन्यास' नाम से मासिक पत्र कौन निकालता था ?

(A) किशोरीलाल गोस्वामी

(B) राधाचरण गोस्वामी

(C) श्रीनिवास दास

(D) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमधन'

**150.** कुबेरनाथ राय के निबंध संग्रह 'प्रिया नीलकंठी' का प्रकाशन वर्ष है

(A) 1970

(B) 1967

(C) 1968

(D) 1969

## रफ़ कार्य / ROUGH WORK

रफ़ कार्य / ROUGH WORK

SEAL